फिजी के राष्ट्रपति द्वारा आयोजित
रात्रि भोज में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का सम्बोधन

सुवा, 6 अगस्त, 2024

आप सभी को मेरा अभिनंदन। मुझे फिजी में आकर अत्यंत प्रसन्नता हुई है।

यह देश Pacific क्षेत्र का हमारा विशेष साझेदार है, और आज यहां हमारा एकत्र होना, भारत और फिजी के बीच दीर्घकालिक मधुर संबंधों का प्रतीक है।

फिजी में उतरते ही, मेरा और मेरे प्रतिनिधिमंडल का जिस गर्मजोशी से स्वागत किया गया और हमें जो आतिथ्य प्रदान किया गया, वह वास्तव में बहुत ही अभिभूत करने वाला था। मैं इस विशेष सम्मान के लिए, महामहिम राष्ट्रपति जी और फिजी सरकार को धन्यवाद देती हूँ।

आज फिजी संसद की मेरी यात्रा, और हमारी महत्वपूर्ण चर्चाओं ने, विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद सहयोग की विशाल संभावनाओं को रेखांकित किया है।

चाहे वह स्वास्थ्य और शिक्षा हो, या कृषि और digital partnership, या clean energy and climate action: हमारी साझेदारी बहुआयामी है, और इसमें अपार अवसर हैं।

Super Speciality Hospital, और Digital ID Pilot Project जैसे हमारी नवीनतम पहलों ने हमारी साझेदारी में एक नई दिशा की शुरुआत की है।

“गिरमिट” युग से Digital युग तक, हम एक लंबा सफर तय कर चुके हैं। हम साथ मिलकर, न केवल अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी विरासत भी बना रहे हैं।

आज की दुनिया में, विश्वास, आपसी सम्मान, सहयोग और लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर आधारित हमारी मित्रता, एक शानदार उदाहरण के रूप में सामने आती है। आइए, हम इस खूबसूरत रिश्ते को आगे बढ़ाते चलें।

मैं एक बार फिर महामहिम राष्ट्रपति काटो-निवेरे और मैडम फिलोमेना काटो-निवेरे, प्रधान मंत्री रामबुका, फिजी सरकार और फिजी के मैत्रीपूर्ण लोगों के प्रति अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करती हूं।

आशा है हमारी मित्रता और भी मजबूत हो, तथा हमारी साझेदारी हमारे देश के लोगों के लिए एक उज्जवल एवं समृद्ध भविष्य लेकर आए।

इन शब्दों के साथ, आइए हम सब मिल कर:

- महामहिम राष्ट्रपति जी के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण,
- फिजी के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि,
- और भारत और फिजी के बीच दोस्ती को हमेशा बनाये रखने के लिए,

अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करें।

धन्यवाद, "विनाका वाकालेवु"!

***